"निगम हिंदी पत्राचार का स्वागत करता है।"

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

उप क्षेत्रीय कार्यालय,ठाणे
प्लॉट: ए-12/1, एम आई डी सी, एल बी एस मार्ग,
वागले इस्टेट डाकघर के पास, ठाणे (प.), महाराष्ट्र-400604
Sub Regional Office, Thane
Plot No.-A-12/1, MIDC, LBS Marg, Next to Wagle Estate
Post Office, Thane(W), Maharashtra-400604
Telephone- 022-69074700 to 799
Email: dir-thane@esic.nic.in, Website: -esic.nic.in

फा.सं. ओ.एल. 34/हिंदी पखवाड़ा दिनांक 04-09-25

# परिपत्र

विषय: **राजभाषा पखवाड़ा के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

संयुक्त निदेशक (प्रभारी) महोदय के आदेशानुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उप क्षेत्रीय कार्यालय, ठाणे में **14 से 28 सितंबर, 2025 तक 'राजभाषा पखवाड़ा'** का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं उनके नाम के सामने दर्शायी गई तिथियों, समय एवं अवधि के अनुसार आयोजित की जाएंगी :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता | विषय / प्रश्न पत्र | दिनांक | समय व अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता | **राजभाषा के रूप में हिंदी की 76 वर्षों की विकास यात्रा** | 18-09-25, गुरूवार | 10:30 बजे (पूर्वा.)<br>1 घंटा |
| 2 | हिंदी टिप्पण-आलेखन प्रतियोगिता | प्रश्न पत्र के आधार पर | 18-09-25, गुरूवार | 12:00 बजे (अप.)<br>1 घंटा |
| 3 | राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता | प्रश्न पत्र के आधार पर | 18-09-25, गुरूवार | 02:00 बजे (अप.)<br>1 घंटा |
| 4 | हिंदी वाक् प्रतियोगिता | **कृत्रिम बुद्धिमता के युग में मनुष्य के समक्ष चुनौतियां** | 18-09-25, गुरूवार | 4:00 बजे (अप.) से<br>05 मिनट प्रति प्रतियोगी |

सभी प्रतियोगिताएं मनोरंजन हॉल में आयोजित की जाएंगी। उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में हिंदी तथा हिंदीतर भाषी वर्ग के लिए अलग-अलग प्रथम पुरस्कार 1800/- रु., द्वितीय पुरस्कार 1500/- रु., तृतीय पुरस्कार 1200/- रु. तथा 500/- रु. के दो प्रोत्साहन पुरस्कार (प्रत्येक प्रतियोगिता में कुल पांच पुरस्कार) प्रदान किए जाएंगे।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में किसी भी भाषा वर्ग में भाग लेने के लिए न्यूनतम निर्धारित प्रतिभागी संख्या (कोरम) की बाध्यता नहीं होगी। प्रत्येक प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्ति हेतु न्यूनतम 33% उत्तीर्णांक अनिवार्य होंगे। भाषा वर्ग मातृभाषा के आधार पर तय होंगे। उल्लेखनीय है कि हिंदी भाषी वर्ग में 'क' एव 'ख' क्षेत्र के भाषा-भाषी तथा हिंदीतर भाषी वर्ग में 'ग' क्षेत्र के भाषा-भाषी सम्मिलित होंगे।

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अपने नाम दिनांक 16.09.2025 तक राजभाषा शाखा को अवश्य भेज दें। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि इन प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक संख्या में भाग लें।

अनुलग्नक:- प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु
सूचना भेजने का प्रपत्र

Digitally signed by
Geetanjali Antil
Date: 04-09-2025
16:12:33

(गीतांजलि अंतिल)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

सेवा में:

1. सभी अधिकारी/कार्यालय अधीक्षक, उप क्षेत्रीय कार्यालय, ठाणे
2. सभी शाखाएं, उप क्षेत्रीय कार्यालय, ठाणे
3. सभी शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय/डीसीबीओ, उप क्षेत्रीय कार्यालय, ठाणे
4. संयुक्त निदेशक (रा.भा.), मुख्यालय, क. रा. बी. निगम, पंचदीप भवन, सी. आई. जी. मार्ग, नई दिल्ली-02 को सूचनार्थ।
5. आईसीटी शाखा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

# हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु नामांकन पत्र

सेवा में,

सहायक निदेशक (राजभाषा)
राजभाषा शाखा, उप क्षेत्रीय कार्यालय
ठाणे

विषय: **हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने की सूचना।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मैं निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहता / चाहती हूँ।

मेरी मातृभाषा .................................................. है।

1. हिंदी वाक् प्रतियोगिता ☐
2. हिंदी निबंध प्रतियोगिता ☐
3. हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता ☐
4. राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता ☐

भवदीय / भवदीया,

**हस्ताक्षर :**

**नाम :**
**पदनाम :**
**कर्मचारी कोड :**
**तैनाती स्थान :**
**मोबाइल नंबर :**

दिनांक:-

**शाखा अधिकारी या रिपोर्टिंग अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर :**